# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| पाठ-1'मातृभूमि' | Topic -प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book. |

पाठ – 1'मातृभूमि'

**मेरी समझ से**

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

कविता को एक बार फिर से पढ़िए और निम्नलिखित के बारे में पता लगाकर अपनी लेखन पुस्तिका में लिखिए।

प्रश्न 1- कोयल का मधुरगान किस ऋतु में सुनाई देता है ?
उत्तर- कोयल का मधुरगान वसंत ऋतु में सुनाई देता है।

प्रश्न 2- हमारा तन-मन कौन सँवारती है?
उत्तर-बहती मलय पवन हमारा तन-मन सँवारती है।

प्रश्न 3- झरने कहाँ से झरते हैं?
उत्तर-झरने पहाड़ियों से झरते हैं।

प्रश्न 4-हिमालय पर्वत भारत की किस दिशा में स्थित है?
उत्तर- हिमालय पर्वत भारत की उत्तर दिशा में स्थित है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1'वह मातृभूमि मेरी, वह जन्मभूमि मेरी ।" कवि ऐसा क्यों कहता है?
उत्तर- प्रेम के कारण कवि भारत को मातृभूमि की संज्ञा देता है। अंत में कवि इस पावन धरती को जन्मभूमि कहा क्योंकि वह यहाँ पर जन्मा है और उसे इस जन्मभूमि पर गर्व है।

प्रश्न 4 - श्रीकृष्ण ने क्या सुनाया था?
उत्तर- श्रीकृष्ण ने मधुर बाँसुरी बजाकर सबका मन मोह लिया और गीता का संदेश भी दिया।

प्रश्न 5 - गौतम ने किसका यश बढ़ाया ?
उत्तर- गौतम ने भारत का यश बढ़ाया उन्होंने पूरे संसार को अहिंसा दया और करुणा का संदेश दिया। प्राणी जगत में सभी से प्रेम करो, संदेश दिया।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –

**सोच-विचार के लिए**

कविता को एक बार फिर से पढ़िए और निम्नलिखित के बारे में पता लगाकर अपनी लेखन पुस्तिका में लिखिए-

प्रश्न -1 कवि ने भारत को 'युद्ध भूमि मेरी' क्यों कहा है ?

उत्तर -कवि ने भारत को 'युद्ध भूमि मेरी'कहा क्योंकि भारत की भूमि सदा संघर्ष की भूमि रही है यह हमें हर तरह के अभाव, अज्ञान और दुख से लड़ना सिखाती है । भारत पर कितने ही हमले किए गए लेकिन भारतीयों शासकों ने अपनी सभ्यता एवं संस्कृति पर आँच नहीं आने दी।

प्रश्न 2. भारत को पुण्यभूमि और स्वर्णभूमि क्यों कहा गया है ?

उत्तर - भारत ऋषि मुनियों का देश है, जिन्होंने पवित्रता, सत्य, अहिंसा, मानवता, भाईचारे और दया आदि का संदेश पूरे विश्व को दिया है। इसलिए भारत को पुण्यभूमि कहा है। भारत नदियों का देश है , यहाँ की मिट्टी बहुत उपजाऊ है। यह सोना उगलती है। यही कारण है कि इसे 'स्वर्णभूमि' कहा जाता है।

शब्दार्थ :

सिंधु- समुद्र sea

त्रिवेणी – तीन नदियों का संगम (गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम जो प्रयाग, इलाहाबाद में है।) meeting place of three rivers

नित – प्रतिदिन daily

जगमग – चमकदार shiny

छटा – सुंदरता beauty

निराली – सुंदर strange , beautiful

पग-पग – हर कदम पर on each step

छहर—फैलना spread

पुण्य-पवित्र piese स्वर्ण – सोना -gold।

अमराइयाँ- आम का बगीचा mango garden । मलय – शीतल व सुगंधित हवा, दक्षिण भारत में स्थित मलय पर्वत से आने वाली सुगंधित हवा। cool and fregrence air

रघुपति – दशरथ पुत्र राम son of king Dashrath Ram

। गीता – कुरुक्षेत्र के मैदान में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया कर्म संदेश जो विस्तार से रचित है।

**व्याकरण भाग –**

**प्रश्न - 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1 – धरती** | - | **धरा** | , | **भू** | , | **भूमि** |
| **2 – किनारा** | - | **तट** | , | **तीर** | , | **कूल** |
| **3 – कपड़ा** | - | **वस्त्र** | , | **पट** | , | **चीर** |
| **4 – अग्नि** | - | **आग** | , | **अनल** | , | **पावक** |
| **5 – दिन** | - | **दिवस** | , | **वार** | , | **वासर** |
| **6 – गाय** | - | **गोऊ** | , | **धेनु** | , | **गौ** |
| **7 – अंबर** | - | **आकाश** | , | **गगन** | , | **नभ** |

प्रश्न - 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए।

1 - अनेक – एक
2 - ज्ञानी – अज्ञानी
3 - गुण – दोष
4 - हिंसा – अहिंसा
5 - आग – पानी
6 - छोटा – बड़ा
7 - दिन – रात
8 - धर्म – अधर्म
9 - न्याय – अन्याय
10 - आज – कल

प्रश्न - 3 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए।

| पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1 - पुत्र | – | पुत्री |
| 2 - राजा | – | रानी |
| 3 - छात्र | – | छात्रा |
| 4 - दादा | – | दादी |
| 5 - नौकर | – | नौकरानी |
| 6 - गुणवान | – | गुणवती |
| 7 - लड़का | – | लड़की |
| 8 - चाचा | – | चाची |
| 9 - मौसा | – | मौसी |
| 10 - शेर | – | शेरनी |

******************************